मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-204
26/06/2019

मुख्यमंत्री के समक्ष नगर विकास एवं आवास विभाग का प्रस्तुतीकरण

पटना 26 जून 2019 :– 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष नगर एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद ने प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुतीकरण के दौरान गांधी मैदान के सौंदर्यीकरण, अगल–बगल के भवनों पर बेहतर लाइटिंग कर उन्हें आकर्षक बनाने के संबंध में चर्चा की गई। ब्रॉड इंटरवेंशन एवं अमेंडमेंट्स प्रपोज्ड इन बिहार बिल्डिंग बायलॉज–2014 के विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के अंतर्गत वाटर कैप्चरिंग, रिचार्ज ग्राउण्ड वाटर के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कंजर्वेशन ऑफ हेरिटेज साईट, ऑनलाइन विंडोज सिस्टम, सेंट्रलाइज रजिस्ट्रेशन आदि बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने शहरों के अंदर की सड़कों के मेंटेनेंस की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के मेंटेनेंस के लिए विभाग को काम करना होगा।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री सुरेश शर्मा, पर्यटन मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, नगर एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री आर0एन0 चोंग्थू, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री सचिवालय के अपर सचिव श्री चंद्रशेखर सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री डी0के0 शुक्ला, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******